# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे    9423426199/8855019189.

❖ अमरावती, 20 से 26 फरवरी 2025 ❖वर्ष :15 ❖ अंक- 35 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


## बाबूजी के आदर्श विचार



### ख़ुशियों के कुछ टिप्स

स्वार्थी व्यक्ति पैसे जरूर कमा सकता है लेकिन उसके जीवन में असली प्रेम उसे न अपनों का मिल पाता है और न ही वह किसी के दिल में अपनी जगह ही बना सकता है. इसलिए स्वार्थी नहीं बनते हुए यह सोचकर जिएं कि पैसा साथ नहीं बल्कि आप द्वारा कमाया गया प्रेम साथ जाएगा.


**पेज नंबर 2**
ख़त्म होती नैतिकता और बढ़ती परेशानी खतरनाक

**पेज नं.2**
मुफ्त में मिली चीज की कदर नहीं होती,जल है तो कल है

**पेज क्र.6**
सेवा समर्पित तथा सामाजिक कामों में अग्रणी है नवीन-अनिता चोरडिया दम्पति

**पेज नं. 8**
महिलाओं में अपार क्षमता होती है, उन्हें खुद को पहचानना होगा,तभी प्रगति-नमिता तिवारी


धर्म, मानवता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला, पूरी तरह से सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देने वाला देश का एकमात्र हिंदी साप्ताहिक अखबार

# प्रबंधन गुरू,योग्य प्रशासक थे छत्रपति शिवाजी महाराज

**विदर्भ स्वाभिमान,19 फरवरी**

**पुणे-**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक प्रबंधन गुरु और योग्य प्रशासक बताया है. फडणवीस ने पुणे के शिवनेरी किले में मराठा राजा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने की कोशिश करेंगे, उन्हें उनकी असली जगह दिखाई जाएगी और राज्य उन्हें माफ नहीं करेगा.उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने न केवल स्वराज्य स्थापित किया, बल्कि राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जगाई. महान योद्धा राजा का जन्म 19 फरवरी, 1630 को जिले की जुन्नार तहसील के शिवनेरी में हुआ था.



## मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा, शिवाजी महाराज का अपमान करने वालों को माफी नहीं दी जा सकती

फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने शिवाजी महाराज की जयंती मनाने के लिए शिवनेरी किले में पालना समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया. मराठा राजा के 395वें जन्मदिवस समारोह में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में उनके अनुयायी भी किले में एकत्र हुए.किले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल एक योद्धा थे, बल्कि एक कुशल प्रशासक भी थे, जिन्होंने कल्याणकारी राज्य चलाने का एक उदाहरण पेश किया.

**किलों के संरक्षण के महत्व पर जोर-**फडणवीस ने कहा कि शिवनेरी की धरती पर पैर रखने से स्वराज्य की प्रेरणा जागृत होती है और यही भावना लोगों को बार-बार इस स्थान पर खींच लाती है. फडणवीस ने शिवाजी महाराज के किलों के संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उनका महत्व मंदिरों से भी अधिक है.

उन्होंने कहा कि हम इन किलों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं. इन सभी स्थलों से अतिक्रमण हटाने के लिए एक टास्क फोर्स बनाई गई है. चाहे कुछ भी हो इन अतिक्रमणों को हटाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई पहल के तहत महाराष्ट्र के 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल का दर्जा देने के लिए नामित किया गया है.उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मंत्री आशीष शेलार के नेतृत्व **शेष पेज 2 पर**

# हाईकोर्ट जज के भ्रष्टाचार की लोकपाल कर सकता है सुनवाई

**नई दिल्ली-** लोकपाल ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल कानून की धारा 14 के दायरे में आते हैं. यानी स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लोकपाल विचार कर सकता है. हालांकि लोकपाल ने मामले पर आगे बढ़ने से पहले यह आदेश और शिकायत और संबंधित सामग्री विचार के लिए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भेजी है.

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकपाल के इस आदेश को देखते हुए मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करने का निर्णय लिया है. गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय विशेष पीठ मामले पर विचार करेगी. हालांकि चीफ जस्टिस सुनवाई पीठ में शामिल नहीं हैं. मामले पर चीफ जस्टिस के बाद वरिष्ठता में पहले, दूसरे और तीसरे क्रम में आने वाले वरिष्ठतम न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की तीन सदस्यीय विशेष पीठ मामले पर सनवाई करेगी.लोकपाल का 27 जनवरी का यह आदेश बहुत महत्वपूर्ण और दूरगामी परिणाम वाला है और उतना ही महत्वपूर्ण सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करना है क्योंकि लोकपाल का आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सनवाई का एक नया दरवाजा खोलता है.मौजूदा मामले में लोकपाल ने आदेश तो वेबसाइट पर डाला है लेकिन कानून में गोपनीयता बनाए रखने की शर्त को ध्यान में रखते हुए संबंधित न्यायाधीश और राज्य का नाम आदेश से हटा दिया गया है.लोकपाल को दो शिकायतें मिलीं थीं जिनमें उच्च न्यायालय के वर्तमान अतिरिक्त न्यायाधीश पर एक अतिरिक्त जिला जज और उसी उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को एक कंपनी के मामले में प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है.









## श्री वेंकटाचल की महिमा

**कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा की पांचवी किश्त पेज 4 पर अवश्य पढ़ें.** जय गोविंदा,जय




# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## खत्म होती नैतिकता और बढ़ती मानवीय परेशानी

*जीवन में नैतिकता,ईमानदारी से व्यक्ति जितनी दूर जा रहा है, उसकी परेशानी उतनी ही बढ़ती जा रही है. पैसे की अंधी हाव ने इन्सान को इंसान का दुश्मन बना दिया है. कोई फलों को इंजेक्शन देकर शरीर को प्रभावित कर रहा है, कोई जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके साथ मक्कारी करने का काम कर रहा है. शहर में सफाई ठेके को लेकर करोड़ों रूपए खर्च होने के बाद भी आज भी शहर में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं होगा, जहां पूरी तरह से सफाई नजर आ रही है. इस मामले में लोगों की शिकायतें सुनने वाला भी कोई नहीं है. इससे बीमारियों का खतरा सदैव बना है. प्रतिमाह साफ सफाई पर करोड़ों रूपए खर्च होने के बाद भी अगर शहर में सर्वत्र गंदगी का आलम है, नालियों की सफाई महीने महीना नहीं की जा रही है तो निश्चित ही यह मामला अत्यधिक गंभीर है. महानगरपालिका आयुक्त सचिन कलंत्रे बेहतरीन अधिकारी है, लेकिन जिस तरह से अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता है इस तरह अकेले किसी भी अधिकारी के लिए काम करना संभव नहीं रहता है. कुछ ही अधिकारी ऐसे होते हैं जिनके काम करने का तरीका इस तरह का रहता है कि वह अधीनस्थों से बेहतरीन ढंग से काम करने में सक्षम होते हैं. इसका उदाहरण अमरावती शहर पुलिस आयुक्त के रूप में काम करने वाले अमितेश कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में अपने कार्य का दबदबा रखने वाले सुधीर सिंह जैसे अधिकारियों के साथ ही पूर्व चुनाव आयुक्त टीएन शेषन जैसे अधिकारियों को दिया जा सकता है. इन अधिकारियों को भी उतने ही अधिकार थे लेकिन उन्होंने अपने काम की अमिट छाप जननमान पर छोड़ने का कार्य किया.अमरावती शहर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान सफाई ठेकेदारों की जिस तरह से गड़बड़ी और मनमानी चल रही है उसके चलते कई बार यह सवाल आम आदमी के मन में पैदा होता है कि महानगरपालिका चलाने वाला प्रशासन है अथवा ठेकेदारों के भरोसे ही सब कुछ चल रहा है. पहले ही बीमारियों से लोग त्रस्त आ चुके हैं, बीमारियों का कारण सदैव गंदगी रहती है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शहर में सर्वत्र गंदगी होने के बाद भी घंटे बैठक लेने के बाद भी इसका समाधान आज तक के किसी भी जन्म नेता ने नहीं निकला. लंबे समय के बाद माधवी मडावी जैसी उपायुक्त आयी थी और साफ-सफाई के मामले में गंभीरता दिखाई थी, चौक चौराहे से लेकर हर उस जगह की सफाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्य उन्हें वरिष्ठों तथा जनप्रतिनिधियों का साथ नहीं मिला, स्थिति सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का वाली बात सफाई ठेकेदारों पर लागू हो रही है.*

# मुफ्त की कदर कभी नहीं रहती है

ज़ीवन में जो वस्तु आसानी से मिल जाती है, उसकी कदर करने वाली प्रवृत्ति लोगों में तेजी से घट रही है. चाहे वह माता-पिता द्वारा मेहनत से कमाई गई राशि खर्च करने की बात हो अथवा प्रकृति द्वारा हमे प्रदान किया गया अनुपम उपहार. इसमें से एक महत्वपूर्ण उपहार है पानी. पानी के मोल को आज हम नहीं पहचान रहे हैं लेकिन एक समय ऐसा आएगा, जब हमें पानी के मोल को न केवल पहचानना होगा बल्कि पानी की असली कीमत उन गांवों के लोग समझते हैं, जिन गांवों की महिलाओं को दूर से एक घड़ाभर पानी लाना पड़ता है. ज्यादा दूर नहीं हमारे ही पड़ोस के अकोला जिले में लोगों को पानी का मोल पूछने पर वे बेहतरीन तरीके से बता सकते हैं. लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज जिनके यहां पानी समुचित मात्रा में है और उन्हें इसकी कदर नहीं है. सरकारी यंत्रणा द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी हम अगर सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं तो निश्चित तौर पर यह हमारे लिए दुःख की बात है. लोगों को पानी के मोल को पहचानना चाहिए.

कहीं मजीप्रा की लापरवाही से वाल्व लीकेज होने के कारण लाखों लीटर पानी बर्बाद होता है तो कई लोग ऐसे भी शहर में मिल जाएंगे, जिनके यहां बोरवेल रहने के बाद वे सुबह गाड़ी धोने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च कर देते हैं. ऐसे लोगों को यह भी नहीं लगता है कि देश में आज भी लाखों लोगों को शुद्ध जल नहीं मिल पाता है. कई क्षेत्रों में खारपान पट्टा क्षेत्र है, जहां किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए भी पानी नहीं मिल पाता है. मानव द्वारा जल के महत्व को ध्यान में नहीं लेने के कारण तथा मानवीय गलतियों के कारण जिस तरह से जलस्तर घट रहा है और सीमेंटीकरण मार्गों का पानी बारिश में जमीन में नहीं मुरने के कारण भविष्य के लिए गंभीर संकेत है. जल है तो ही कल है, इस पर अगर समय रहते इंसान ने ध्यान नहीं दिया तो निश्चित तौर पर स्थिति गंभीर हो सकती है. आज बोरवेलर्ा जस तेजी से किया जा रहा है, उसके मुताबिक गर्मी के दिनों में जलस्तर कम होने का खामियाजा बोरवेल वालों को भी भुगतना पड़ता है. जलस्तर बढ़ाने के प्रयास तो कम हैं लेकिन पानी की बर्बादी अत्याधिक पैमाने पर आसानी से देखी जा सकती है. गर्मी लगते ही जलसंकट की स्थिति न केवल बोरवेल बल्कि मजीप्रा की नलों पर भी दिखाई देता है. कई इ लाकों में नल की बारीक धार समस्या बन जाती है. इसके लिए कुछ लोगों की स्वार्थी प्रवृत्ति जिम्मेदार है. ऐसे लोगों द्वारा नियमों का भंग करते हुए टिल्लू मोटरपंप लगाकर पानी खींचा जाता है, इससे उनके पड़ोस के व्यक्ति तथा अन्य लोगों को समुचित मात्रा में पानी नहीं मिल पाता है.शहर में गर्मी ने यद्यपि गति नहीं पकड़ी है लेकिन महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण पर गर्मी का असर अभी से दिखाई देने लगा है. शहर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति को लेकर शिकायतें मिलनी शुरू हो गई हैं. लेकिन शिकायतें इस कारण बेकार साबित हो रही हैं कि मजीप्रा को ऐसी स्थिति में मोटर जब्त करने का अधिकार है लेकिन विभाग के पास समुचित मात्रा में अधिकारियों तथा कर्मचारियों की किल्लत के कारण पहले ही परेशानी है.कई इलाकों की भी है. जहां नल की धार बारीक रहने से लोगों को समुचित मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है.गर्मी का दौर शुरू होने के साथ ही जलसंकट वाली स्थिति कई क्षेत्रों में है. महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के पास जल का समुचित भंडार है.पानी का भंडार बढ़ने की जरूरत है लेकिन दुर्भाग्य से यह घट रहा है.



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199



# प्रशासक थे छत्रपति शिवाजी महाराज

**पेज 1 से जारी-** में महाराष्ट्र सरकार की एक टीम पेरिस में यूनेस्को के कार्यक्रम में इन किलों को अनुकरणीय वास्तुशिल्प के रूप में प्रस्तुति देगी.

**पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि**

प्रधानमंत्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया. वह हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं.

अभिनेता विक्की कौशल ने छत्रपति शिवाजी जयंती पर रायगढ़ किले में श्रद्धांजलि अर्पित की. हाल ही में रिलीज हुई फिल्म छावा में शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी की भूमिका निभा रहे अभिनेता विक्की कौशल ने कहा कि वह रायगढ़ किले की अपनी



पहली यात्रा के बाद एक दिव्य अनुभूति से भर गए.

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर पूरे राज्य के साथ ही पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस उपलक्ष्य में चांदूर रेलवे में जहां बाइक रैली निकली, वहीं दूसरी ओर कहीं शोभायात्रा तो कहीं व्याख्यान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम को लेकर सभी में अपार उत्साह के साथ ही शामिल होने को लेकर उत्साह था. अमरावती में संभागीय आयुक्तालय, जिलाधिकारी कार्यालय, शिवटेकडी के साथ ही मनपा तथा सभी सरकारी विभागों में भी हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अपार उत्साह के साथ ही राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर मनाई गई. हजारों की संख्या में युवाओं में जयंती को लेकर अपार उत्साह था. पूरा देश शिवमय हो गया.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com

# इसलिए अमेरिका से डिपोर्ट को पंजाब में उतारा गया

**नई दिल्ली/चंदीगढ़-**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों की फ्लाइटों को अमृतसर में उतारने पर आपत्ति जताने के बाद सरकारी सूत्रों ने बुधवार को इस फैसले का समर्थन किया. तर्क दिया कि निर्वासित किए गए लोगों में सबसे अधिक संख्या पंजाब के लोगों की ही है. देश में कब किस बात को लेकर राजनीति शुरू हो जाएगी, इसका यह उदाहरण माना जा रहा है. बताते हैं कि पंजाब के लोग इसमें अधिक रहने के कारण विमान अमृतसर में उतारा गया. लेकिन इसको लेकर भी राजनीति गर्माने लगी है.

पांच फरवरी से अब तक भारत में आई तीन उड़ानों के आंकड़े साझा करते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिकी सैन्य




## मुख्यमंत्री मान ने निर्वासितों को उतारने पर किया था सवाल

विमानों से आए निर्वासित 333 लोगों में से 126 पंजाब के निवासी थे. इसके बाद हरियाणा से 110 और गुजरात से 74 लोग थे. इसके अलावा इनमें उत्तर प्रदेश के आठ, महाराष्ट्र के पांच, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान और गोवा के दो-दो और जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के एक-एक व्यक्ति थे.

**100 से अधिक भारतीय किए गए डिपोर्ट-**पांच, 15 और 16 फरवरी को आई तीनों उड़ानों में प्रत्येक में 100 से अधिक भारतीय आए हैं. इन 333 निर्वासितों में 262 पुरुष, 42 महिलाएं और 29 नाबालिग शामिल हैं. मई 2020 से अब तक 21 उड़ानें भारतीय निर्वासितों को लेकर देश में आई हैं और सभी अमृतसर में उतरी हैं. डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद अवैध प्रवासियों पर सख्ती की है. इसी के तहत तीन सैन्य विमान भारत में निर्वासितों को लेकर आए हैं.पहली उड़ान के पांच फरवरी को उतरने के बाद सीएम भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब को बदनाम करने की कोशिश का आरोप लगाया था और कहा था कि अमृतसर जैसे पवित्र शहर को निर्वासन केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए.

इस उड़ान में पंजाब से 30, हरियाणा और गुजरात से 33-33 निर्वासित थे.यदि निर्वासितों को लेकर एक और अमेरिकी विमान भारत आता है तो वह उनके द्वारा उठाई गई कड़ी आपत्तियों के बाद राज्य में नहीं उतर सकता.


ब्लॉक किराए से देना है


अकोली रोड स्थित छाया कॉलोनी में सभी सुविधायुक्त हॉल तथा किचन युक्त ब्लॉक किराए से देना है. इच्छुक निम्न मोबाइल पर संपर्क करें. छात्राओं को प्राथमिकता.

मोबाइल नंबर
9423426199,
8855019189

विदर्भ स्वाभिमान

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती
मो. 9423426199/ 8855019189




# प्रसन्न चित्तवाले वराह स्वामी करते हैं भक्तों को कृतार्थ

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## किश्त-7, विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं. प्रथम किश्त यहां दे रहे हैं. तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है. जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.** डिजिटल संस्करण www.vidarbhswabhiman.com शेष अगले अंक में

**पिछले अंक से आगे-**बराह स्वामी का क्रीडाचल पर बसना सभी के लिए भाग्यशाली रहने की अनुभूती आने लगी. प्रसन्न चित्तवाले वराह स्वामी के पास आकर गरुड ने स्वामी के बताये स्थान पर क्रीडाचल को रखा. फिर स्वामी को दंडवत किया. तब वराह स्वामी अत्यंत प्रसन्न हुए. स्वामी क्रीडाचल पर चढ़ कर उसमें स्थित स्वामी पुष्करिणी की पश्चिम दिशा में बसे. तब ब्रहा, रुद्र , देवतागण दिक्पाल, मुनि-ऋषि , गरुड गंधर्व आदि महात्मागण ने वहाँ पहुँचकर श्री वराह स्वामी के दर्शन किए. साथ ही उन्होंने सकल निगमागम शास्त्रों की विधि में अनेक प्रकार से उनकी स्तुति की है. सभी ने आनंदभाव नेत्रों के साथ पुलकित होकर स्वामी के साष्टांग प्रणाम किये. सभी ने जय-जयकार करते हुए हाथ जोड़ कर श्रीहरि से इस रूप में कहा. ब्रहा- ईंद्रादि स्वामी की स्तुति करना- दंडक (ब्रहा-इंद्र आदि देवताओं के व्दारा वराह स्वामी का स्तोत्र) हे महाश्वेत वराह स्वामी !हे सत्क्रोड रूपा ! हे बोध प्रदीपा ! हे ब्रहांड के भूपाल हे हिरण्याक्ष काठिन्य संहारा ! हे सुराधारा ! हे धात्री उध्दारा हे धर्माद्रि धीर हे



जगत चित्सारा भूता हे भवांबुधिपातो हे सुमोक्ष प्रदाता हे पंचभूत प्रभु हे श्रीकर सुप्रसन्न होकर हमारी रक्षा करो हे रमाधीश आपके सत्प्रभावों की गिनती सहस्त्रों में है. हम कैसे कर पायेंगे. आपके इस महाभयंकर उग्र रूप को देखने में हम असमर्थ हैं. सामान्य मनुष्य आपके इस भयंकर रूप को देखकर भयभीत हुए हैं. हे जगत्पिता ! धरती का उध्दार करने अवतरित हुए. सदा शांत-सौम्य रूप में श्री भूदेवी समेत रहकर देवताओं एवं मनुष्यों के जीवन को धन्य बनाइए.सदा नित्य सेवाओं से आपके प्रति भक्ति दिखाने की कृपा कीजिए.सदा अपनी दिव्य लीलाएँ दिखाते रहिए ! इसी क्रीडाचल पर सदा बसिए ! हे पूर्णकामा ! हे पुरुषोत्तम ! हे गुणोत्तम ! हे देवोत्तम ! हे देवतासार्वभौम ! हे तरिगोंडधाम !हे नरसिंह ! हे वराहावतार ! नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमः !

ऐसा स्तोत्र करते सारे देवतादि ने अनेक प्रकार से वेदयुक्त रीति में स्वामी की स्तुति की. इससे प्रसन्न होकर वराह स्वामी दयासिंधु बने. ब्रहादि देवताओं को देखकर इस रूप में कहा. हे देवगण राक्षस के संहार के लिए मैंने उग्र इवतार लिसा. राक्षस का संहार किया. धरती को ऊपर उठाया, सागरों की रक्षा की.अब आप आनंद से अपने -अपने स्थानों पर जाकर पहले की तरह अपने -अपने कर्तव्यों को करते रहिए. ग्रह उपग्रह अपने स्थानों में पहले की तरह विचरण करते रहे. मैं सौम्य रूप में समुद्र तनया को अपने वक्षस्थल पर रखूँगा.सुंदर रूप में सभी भुवनों एवं मनुष्यों की रक्षा करता रहूँगा. सदा उनके काम्यार्थों की पूर्ति करता रहूँगा. उन्हें भवबाधाओं से मुक्त करूँगा. ऐसा कहते स्वामी ने उनको आज्ञा देकर विदा किया. महोग्र और विकृत वराह स्वामी ने सौम्य रूप धारण किया.

इसके अतिरिक्त वरों की वर्षा उन पर बरसाकर शांत मन से क्रीडाचल में बसे. क्रीडाचल पर स्वामी पुष्करिणी की पश्चिम दिशा में बसे स्वामी. उसी भव्य पुष्करिणी की वायव्य दिशा में चित्र-विचित्र मंडपों का निर्माण हुआ. दिव्य नीलस्तंभ नव्य मरकतकुंभ उन्नत मंडप भी बने. सूर्य किरणों से सुशोभित रत्न गोपुर और प्राकार दिवारें भी निर्मित हुईं. स्वामी के आलय के ऊपर विमान भी बना. वहाँ स्वामी भूदेवी और श्रीदेवी समेत बसकर धरती पर अत्यंत प्रचलित हुए.ऐसे भू वराह स्वामी को देखकर ब्रहा-रुद्र प्रसन्न हुए. ऐसे समय अचानक स्वामी विमान सहित अद्दश्य हो गए. तब ब्रहा-रुद्र जय जयकार करते स्वामी के अद्दश्य हो गए. तब ब्रहा- रुद्र जय- जयकार करते स्वामी के अद्दश्य होने की दिशा को नमस्कार करके वराह स्वामी की प्रशस्ति की है. उसके उपरांत वे अपने निजी स्थानों पर चले गए. तत्पश्चात भूदेवी और श्रीदेवी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर स्वामी को प्रणाम किया. उन्हें देखकर हरि ने लक्ष्मी से इस रूप में कहा. व्यंकटेश्वर बालाजी की पूजा-अर्चना के साथ ही उनमें रखा जाने वाला विश्वास ही भक्तों को तारने का काम करता है. यही कारण है कि आज भी भक्त और भगवान के बीच भाव रखने वाले भक्तों का कल्याण करने का कार्य गोविंदा लगातार कर रहे हैं. तिरूपति का दर्शन करने के बाद निश्चित तौर पर फर्क दिखता है.

शेष अगले अंक में




शिवसेना शिंदे गुट की जिला नेत्री, ब्राह्मण समाज की एकता तथा मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहने वाली

सौ. नमिता तिवारी

को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.



आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.

शुभेच्छुक

मित्र परिवार, समस्त ब्राह्मण समाज तथा शिवसेना पदाधिकारी,अमरावती

विदर्भ स्वाभिमान 75 आजादी का अमृत महोत्सव आचार-विचार वाला अखबार



## विदर्भ स्वाभिमान

जीवन में सदैव अच्छी सोच के साथ ही यह विचार करें कि हमसे कोई ऐसी गलती नहीं हो और न ही हम ऐसा व्यवहार ही किसी के साथ करें, जिससे उस व्यक्ति की नजरों में हमेशा के लिए घिर जाएं. जीवन एक ही बार मिलता है. हमारे स्वार्थ में हमें इतना अंधा नहीं होना चाहिए कि हमारी वजह से दुनिया में अच्छे लोग भी किसी पर विश्वास नहीं करें और कई जरूरतमंद परेशान हों.

### जरूरी नम्बर टोल फ्री

| | |
|---|---|
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पुलिस सेवा | 112 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सहायता | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# संत गजानन महाराज प्रकटोत्सव में भक्ति का सैलाब





**विदर्भ स्वाभिमान, 19 फरवरी**

**अमरावती-** समूचे विदर्भ में संत गजानन महाराज प्रकटोत्सव पिछले सप्ताह भर से भक्तिभाव तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया जा रहा है. इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम लिए जा रहे हैं. हजारों की संख्या में भक्त इसमें सहभागी हो रहे हैं. छाया कॉलोनी में आयोजित गजानन महाराज प्रकटोत्सव कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने रोज लाभ लिया. गुरूवार को गजानन महाराज प्रकटोत्सव पर मंदिर में गोपाल काला कीर्तन और भव्य महाप्रसाद होगा. इसका भी हजारों भक्तों से लाभलेने का आग्रह मंदिर के विनोद गुहे और सहयोगियों ने किया है.

शहर के साथ ही समूचे जिले में संतश्री गजानन महाराज प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में पिछले 13 फरवरी से जारी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का समापन गुरूवार 20 फरवरी को गजानन महाराज प्रकट दिन पर होने वाला है. इस मौके पर शहर के तीन दर्जन से अधिक संतश्री गजानन महाराज मंदिरों में गुरूवार को सुबह गोपाल काला के अलावा भव्य महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इसका हजारों की संख्या में भक्तों से लाभ लेने का आग्रह मंदिर प्रबंधन द्वारा किया गया है. गजानन महाराज प्रकटोत्सव पर शहर के लगभग सभी गजानन महाराज मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम लिया जा रहा है. कहीं श्रीमद् भागवत कथा तो कई मंदिरों में महिलाओं के भजन कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. गजानन महाराज मंदिरों के रंग-रोगन के अलावा सभी मंदिरों में आकर्षक रोशनाई की गई है. गुरूवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों के उमड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा तैयारियां की जा रही है.शहर में लगभग हर क्षेत्र में गजानन महाराज के मंदिर हैं. लगभग सभी मंदिरों में गजानन महाराज प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इसमें कॉलोनी के साथ ही आसपास के नगरों तथा कॉलोनियों के नागरिक शामिल होते हैं. ऐसे में गुरूवार के दिन अधिकांश घरों में खाना बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती है. बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इसमें भी हजारों भक्तों ने भाग लिया. सभी से महाप्रसाद का लाभ लेने का आग्रह किया.

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण कथा



अकोली रोड के वल्लभ नगर में अल्प समय में ही हजारों भाविक भक्तों का विश्वास जीतने में सफल और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के लिए पहचाने जाने वाले नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में गुरूवार 20 से तुषारकृष्णा महाराज की शिव महापुराण कथा शुरू हो रही है. क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रहे शिव महापुराण कथा को सफल बनाने के लिए मंदिर संस्थान के पदाधिकारियों के साथ ही क्षेत्रवासी प्रयासरत हैं. भक्तों से इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया है.20 फरवरी से मंदिर प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा शुरू होगी. लोगों के सहयोग के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट ह ोकर कई दिनों से प्रयासरत हैं. 20 से 26 फरवरी तक ग्रुप ऑफ हरिबोल द्वारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित इस कथा का लाभ लेने का आग्रह अध्यक्ष दिलीप मकवाने,उपाध्यक्ष महेन्द्र बोपुलकर, नंदकिशोर पेटकर,प्रमोद राऊत, प्रदीप कलसकर,, गजानन कसुंबे, गजानन उगले, अनिल चांदेकर, भानुदास वाघमारे, संदीप ठाकरे, अतुल राऊत सहित क्षेत्रवासियों ने किया है.भव्य मंडप के साथ सभी तैयारियां हो गई हैं. लाभ लेने का आग्रह किया गया है.



सुंदर घर बेचना है

अकोली रोड के पुरूषोत्तम नगर में बेहतरीन लोकेशन स्थित स्वतंत्र, सामने हनुमान, शिव मंदिर तथा मनपा बगीचा के सामने स्थित घर बेचना है. निर्माण 550 फुट. नीचे दो रूम, किचन तथा सामने जगह. ऊपर एक रूम और स्वतंत्र टायलेट व शौचालय. बेहतरीन लोकेशन.लेने के इच्छुक ही सीधे संपर्क करें.

कुल प्लॉट 750 स्केअर फुट, साईज 40 बाय 25

9423426199
8855019189

# श्रीराम की मर्यादा ही बनाएगी भारत को महाशक्ति

## भक्तिधाम में श्रीराम कथा, उमड़ रहे हैं भक्त,आनंद महाराज सुनाएंगे रामकथा

**विदर्भ स्वाभिमान,19 फरवरी**

**अमरावती-** प्रभु श्रीराम की मर्यादा का ही हर मानव अगर पालन कर ले तो पूरे विश्व में सभी मानव का कल्याण हो सकता है. भारत में तो लोगों द्वारा प्रभु श्रीराम चरित्र को अपनाने पर भारत को महाशक्ति बनाने से कोई नहीं रोक सकता है. इस आशय का उपदेशपूर्ण प्रतिपादन हजारों श्रीराम कथाएं करने वाले प्रयागराज निवासी और श्रीरामचरितमानस मर्मज्ञ आनंद महाराज ने किया. वे भक्तिधाम मंदिर में जलाराम सत्संग मंडल द्वारा आयोजित श्रीराम कथा सप्ताह में बोल रहे थे. दोपहर 3.30 बजे से 7.30 बजे तक चलने वाली यह कथा सुनने के लिए पहले ही दिन से भक्तों की भीड़ लग गई है.

धार्मिकता के साथ ही सेवाभाव के लिए समूचे विदर्भ तथा राज्य में पहचान रखने वाले बडनेरा रोड के भक्तिधाम मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 18 फरवरी से श्रीराम कथा शुरू हो गई है. दूसरे दिन उन्होंने विभिन्न प्रसंग और भजनों से उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया. जलाराम सत्संग मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 9 दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस कथा प्रयागराज निवासी आनंद महाराज (मानसप्रेमी) सुनाएंगे. प्रतिदिन दोपहर 3.30 से रात 7.30 बजे तक मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन आदर्शों की कथा सुनाएंगे. इसका भक्तों से लाभ लेने का आग्रह किया गया है.



कार्यक्रम की कड़ी में सर्वप्रथम मंगलवार 18 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे भक्तिधाम मंदिर परिसर में पोथी पूजन होगा. पश्चात प्रयागराज निवासी प.पू. आनंद महाराज (मानसप्रेमी) के मुखारविंद से दोपहर 3.30 बजे कथा प्रारंभ होगी. 18 फरवरी को श्रीरामचरित मानस महात्म्य, बुधवार को सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह, गुरूवार को नारद मोह प्रसंग, श्रीराम जन्मोत्सव, शुक्रवार 21 फरवरी को अहिल्या उद्धार, फलवारी प्रसंग, शनिवार, 22 फरवरी को धनुष भंग, श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव, रविवार 23 फरवरी को वनगमन, केवट प्रसंग सोमवार 24 फरवरी को भर चरित्र, शबरी चरित्र, मंगलवार 25 फरवरी को बालि वध, लंका दहन तथा बुधवार, 26 फरवरी को रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंग का विवेचन आनंद महाराज करेंगे. 26 फरवरी को सुब 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक कथा होगी. इसके बाद महाप्रसाद के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का समापन होगा. जलाराम सत्संग मंडल ने हजारों की संख्या में भक्तों से कथा का श्रवण करते हुए अपना जीवन धन्य करने का आग्रह



# गड़गड़ेश्वर महादेव का अद्‌भुत श्रृंगार

अमरावती- शहर के प्राचीन गड़गड़ेश्वर महादेव मंदिर में भक्त प्रवीण बुंदेले तथा साथियों द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है. इस उपलक्ष्य में भोलेनाथ ही हर दिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है. भोलेनाथ का यह श्रृंगार आने वाले भक्तों को आकर्षित कर रहा है. इसका एक मनोहारी नजारा. मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ को अलग-अलग तरीके से सजाया जा रहा है. भक्तों में इसको लेकर अपार उत्साह है. रोज की सुबह-शाम की आरती में भी सैकड़ों भक्त उमड़ रहे हैं.



# सेवा समर्पित है नवीन चोरडिया का परिवार

## व्यवसाय के साथ सामाजिक कामों में भी अग्रणी

**प्रतिनिधि, 19 फरवरी**

**अमरावती -** संख्या में कम रहने के बाद भी जैन समाज का योगदान सामाजिक तथा राष्ट्रीय कार्यों में सदैव अग्रणी रहता है. इसी तरह अमरावती जिले में भी इस समाज के कई मान्यवरों ने सेवाभाव के मामले में अलग ही स्थान बनाया है. सुख्यात भवन निर्माता, अभिनंदन बैंक के संचालक नवीन चोरडिया तथा अनिता चोरडिया दम्पति के साथ ही पूरा चोरडिया परिवार सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहता है. गरीब मरीजों की मदद हो अथवा किसी जरूरतमंद का मार्गदर्शन तथा सहयोग यह दम्पति सदैव अग्रणी रहता है. जयस्तंभ चौक पर स्थिति प्याऊ के माध्यम से कई दशकों से गर्मी के दिनों में राहगीरों की प्यास बुझाने का कार्य करते हैं. सबसे बेहतरीन प्याऊ के रूप में इसका उल्लेख किया जाता है. मानवता से जहां चोरडिया परिवार भरा हुआ है, वहीं गरीबों की मदद के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं. जाने-माने भवन निर्माता रहने के बाद भी दम्पति की सादगी किसी को भी प्रभावित करती है. शहर ही नहीं तो समूचे जिले और विदर्भ में सेवाभावना के साथ ही सामाजिक कामों में योगदान के लिए चोरडिया परिवार को जाना जाता है. विगत कई दशकों से गर्मी में जलसेवा के साथ ही अन्य सामाजिक उपक्रमों में सहयोग देने वाले दम्पति के रूप में नवीन चोरडिया-सौ. अनिता चोरडिया दम्पति को जाना जाता है. पिता को इसका पूरा श्रेय देते हुए नवीन चोरडिया कहते हैं कि माता-पिता के आदर्श संस्कारों ने ही उनमें बचपन से ही संवेदनशीलता भरी है. मानवता की सेवा को यह परिवार सबसे बड़ी सेवा मानता है. उनका कहना है कि जिंदगी में जितना संभव हो सके, हर व्यक्ति को अपनी ओर समाज काम में भी योगदान देने का प्रयास करना चाहिए. अभिनंदन बैंक की सौ. अनिता चोरडिया जहां उपाध्यक्ष रह चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर नवीन चोरडिया बैंक के वर्तमान में संचालक के साथ ही राज्यस्तर के बिल्डर हैं. शहर में सुख्यात भवन निर्माता के साथ ही सामाजिक और सेवाभाव के कामों में अग्रणी दम्पति के रूप में देवरणनगर निवासी नवीन चोरडिया और उनकी जीवनसंगिनी सौ. अनिता चोरडिया का नाम अग्रिम पंक्ति में रहता है.विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए वे बताते हैं कि हर व्यक्ति को अपने अलावा समाज तथा शहर के हित में भी सदैव योगदान देने का प्रयास करना चाहिए.संयुक्तपरिवार में विश्वास रखने वाले नवीन चोरडिया का कहना है कि परिवार की ताकत सबसे बड़ी ताकत होती है. युवाओं को नौकरी की बजाय स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वयं के साथ ही अन्यों को भी रोजगार देने में सक्षम होने की सलाह देते हैं. उन्होंने गजानन महाराज प्रकटोत्सव की की शुभकामनाएं भी दी.







**विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए**

महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है. मेहनती ही संपर्क करें.

– संपर्क –
विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय
छाया कॉलोनी, अकोली रोड, अमरावती.
मो. 9423426199, 8855019189



**विदर्भ स्वाभिमान**

**वार्ड संवाददाता चाहिए**

अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से कमीशन के आधार पर कमाई भी कर सकते हैं.

संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती
मो. 9423426199/8855019189

# जीवन में मेहनत से हासिल सफलता स्थायी होती है

**मनोज जयस्वाल का मत**

**प्रतिनिधि, 19 फरवरी**

**अमरावती** - जीवन में सफलता के लिए मेहनत, लगन और समर्पण को पर्याय नहीं है. यह तीनों जहां रहते हैं, सफलता वहां रहती है. जीवन में हर स्थिति से निपटने की तैयारी रखने वाला कभी विफल नहीं होता है. उद्यमशीलता से न केवल स्वयं को रोजगार मिलता है, बल्कि रोजगार देने लायक होते हैं. अमरावती में उद्योग की अपार संभावना है. इसे लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाना चाहिए. अच्छे कामों, मानवता की तुलना पैसों से नहीं की जा सकती है. इस आशय का मत युवा व्यवसायी और सामाजिक कामों में अग्रणी मनोज जयस्वाल ने किया.23 फरवरी को जन्मदिन के उपलक्ष्य में बातचीत करते हुए मनोज जयस्वाल ने कहा कि युवाओं में अपार ताकत होती है. केवल इसका सही दिशा में उपयोग किया जाना चाहिए.मेहनत, ईमानदारी, काम के प्रति समर्पण ऐसी खूबी है, जिससे मानसिक संतुष्टी और सफलता मिलती है. होटल वीएसएम के संचालक के साथ ही मनोज जयस्वाल दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी हैं. ग्राहकों के विश्वास को वे अपनी सबसे बड़ी कमाई मानते हैं. मेहनत तथा ईमानदारी जीवन में यारों का तथा अन्यों का साथ, उनका आशिर्वाद और उनका स्वभाव सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहता है.उन्हें ईमानदारी, निष्ठा तथा नैतिकता की सीख माता-पिता से ही मिली है.जीवन में वे माता-पिता को अत्याधिक महत्व देते हैं. मनोज जयस्वाल की सादगी किसी को भी प्रभावित करती है.व्यवसाय के साथ ही मानवता के कामों में सदैव यथासंभव्व सहयोग देते हैं.बेलोरा हवाई अड्डा जल्द से जल्द शुरू होने के साथ ही शहर में उद्योगों को विकसित करने के लिए बेहतरीन माहौल उपलब्ध कराने की जरूरत है.जयस्वाल युवा संगठन के संस्थापक पदाधिकारी के रूप में उनका कार्य सराहनीय है. 23 फरवरी को जन्मदिन रहने से विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें और आगे बढ़ते रहें, प्रभु चरणों में यही कामना. उन्होंने युवाओं को उद्यमशील बनने और घर तथा परिवार का नाम रोशन करने की सलाह इस मौके पर दी.













## गुरूवार 20 से 26 फरवरी 2025

### मेष
यह सप्तह आपके लिए काफी लाभदायी साबित होने वाला है. समझदारी और संयम का लाभ मिल सकता है. इनकी खासियत यह है कि ये बहुत जोशीले और जिद्दी स्वभाव वाले तथा अपमान बर्दाश्त नहीं करने वाले होते हैं.

### वृषभ
भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहेगी. वाहन धीरे से चलाएं और नाहक के वाद-विवाद से बचना श्रेयस्कर होगा.स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे. व्यापार-व्यवसाय में कोई बड़ी डील हाथ से निकल सकती है. परिवार में किसी अपने का दुखद समाचार प्राप्त होगा. पत्नी से मतभेद हो सकते हैं.

### मिथुन
छात्रों को थोड़ी भी मेहनत सफलता दिलाने में सफल हो सकती है. पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान दें. अपनों के बारे में चिंता की संभावना है.

### कर्क
स्पर्धा अच्छाई के लिए करने का प्रयास करें. दिखावा भारी पड़ सकता है. आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

### सिंह
सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है.

### कन्या
विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा.

### तुला
घर और कार्यालय के बीच तालमेल बिठाना जरूरी होगा. किसी से विवाद नहीं करना ही इस समय श्रेयस्कर है.

### वृश्चिक
दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है.प्रयासों की निरंतरता जरूरी.

### धनु
गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं.

### मकर
घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें. ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है. संबंधों पर ध्यान दें.

### कुंभ
समय बेहतरीन परिणाम देने वाला है. मित्रों का साथ मिलेगा और रूका हुआ कार्य पूरा होने में समय अनुकूल है. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. सभी को समझने का प्रयास करें.

### मीन
भौतिक सुख-सुविधा पर खर्च होने की संभावना है. किसी के पास फंसा हुआ धन मिलने की संभावना है. किसी से नाहक विवाद करने से बचना श्रेयस्कर होगा. जीवन में सदैव ईमानदारी से कार्य करने का प्रयास लाभदायी होगा.

# महिलाओं में होती है अपार क्षमता, खुद को पहचानना होगा

## महिला नेत्री नमिता तिवारी का प्रतिपादन,सेवा कार्यों से मिलता है अपार संतोष, आदर्श संस्कारों का जीवन में अत्याधिक महत्व

**विदर्भ स्वाभिमान, 19 फरवरी**

**अमरावती**-महिलाओं में हर कार्य करने की अपार क्षमता होती है. वह जब स्वयं को समझ लेती है और कोई लक्ष्य तय करती है तो निश्चित तौर पर उसमें सफलता मिलती ही है. समाज तथा राष्ट्र के विकास में आज महिलाओं का भरपूर योगदान है. जिन घरों में महिलाओं को सम्मान दिया जाता है वहां कभी किसी बात की कमी नहीं रहती है. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनते हुए स्वयं के साथ परिवार की मजबूती में भी योगदान देने का प्रयास करना चाहिए, इस आशय का प्रतिपादन शिवसेना शिंदे गुटकी नेत्री और ब्रह्मण समाज की एकता के लिए सदैव प्रयास करने वाली नमिता तिवारी ने किया.

विदर्भ स्वाभिमान के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बचपन से लेकर अभी तक उन्होंने सदैव महिला हित एवं समाज हित के लिए कार्य किया है. सामाजिक एकता की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आज महिलाओं ने स्वयं को हर क्षेत्र में साबित किया है. ब्रह्मण समाज की एकता के साथ ही इसकी मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहने वाली नमिता तिवारी विभिन्न समाज सेवी संगठनों के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रयासरत रहती हैं. हिंदू सेना की प्रदेश पदाधिकारी और गौ माता की सेवा तथा राष्ट्र धर्म को सर्वाधिक महत्व देती हैं. उनका कहना है कि एक रहेंगे तो ही सेफ रहेंगे. केवल समाज का जिक्र कर आगे नहीं बढ़ा जा सकता है इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को जितना संभव हो सके सहयोग देने का प्रयास करना चाहिए. 19 फरवरी को उनके जन्मदिन पर हजारों लोगों ने शुभकामनाएं दी. सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नमिता तिवारी ने कहा कि लोगों का सहयोग और साथ ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है. भविष्य में उन पर कोई बड़ी जिम्मेदारी आने

विदर्भ स्वाभिमान



के संकेत भी नमिता तिवारी ने दिए. साथ ही लोगों का विश्वास इसी तरह कायम रहने और समाज तथा राष्ट्र के लिए अपना योगदान देने का भरोसा दिलाया. बचपन से ही मेधावी छात्रा रही और आदर्श माता-पिता के संस्कारों में पली बढ़ी नमिता तिवारी स्वाभिमानी महिला हैं. उनके मुताबिक कभी किसी का बुरा करने का विचार भी मन में नहीं लाना चाहिए. लेकिन इसके साथ ही अगर हमें कोई कुछ नहीं समझता है तो हमें भी उसे अत्याधिक महत्व देने की जरूरत नहीं रहती है. भगवान परशुराम जयंती शोभायात्रा के साथ ही ब्राह्मण समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सदैव सहयोग देने के साथ ही समाज की एकता और मजबूती के लिए वे प्रयासरतरहती हैं. उनका कहना है कि समाज की एकता के लिए सभी को योगदान देने का प्रयास करना चाहिए. तभी समाज मजबूत होकर आगे बढ़ेगा.

# सोना-चांदी में तेजी है बरकरार, टूट रहा है रिकार्ड

**नई दिल्ली/अमरावती**-भारतीय सर्राफा बाजार में सोना की साप्ताहिक कीमतों में तेजी आई है. सोने की रिकार्ड पर रिकार्ड स्थापित हो रहा है. सोना अपना रिकार्ड खुद ही तोड़ रहा है. सराफा बाजार में तेजी लगातार कायम है. शहर में सराफा बाजार में भी सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है. सोने के साथ चांदी भी उसका साथ निभा रही है. चांदी महंगी हुई है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजेए की वेबसाइट के मताबिक, इस बिजनेस वीक की



शुरुआत में 4 मार्च को 24 कैरेट सोने (ऋदृष्ठ) का रेट 63,480 था, जो बीते कारोबारी दिन यानी 7 मार्च तक बढ़कर 64,955 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी (च्त्थ्- ध्धुद्ध) की कीमत 70,777 से बढ़कर 72,265 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. इस साल सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है.उल्लेखनीय है कि आईबीजेए की ओर से जारी कीमतों से अलग-अलग शुद्धता के सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है. ये सभी दाम टैक्स और मेकिंग चार्ज के पहले के हैं. आईबीजीए द्वारा जारी किए गए दरें देशभर में सर्वमान्य हैं इसकी कीमतों में जीएसटी शामिल नहीं होती है.




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटसचे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन

दुग्धपूर्णा

हळवीशी हाक
कृणाला कृणाची
फुले प्राजक्ताची
अलवार
तृष्णेच्या हाकेला
उत्तरली काया
तृप्तीची ही माया
खरीच ती

पुरूषोत्तम पाटील

तृष्णा तृप्तीच्या मायेचा अनुभव फक्त दुग्धपूर्णामध्ये



शितपेयाचा राजा

दुग्धपूर्णा

राजकमल चौक, अमरावती




राजपुरोहित स्टुडियो

फोटोग्राफी की आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता की विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

शारदा नगर, रघुवीर मोटर्स के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251


हर गुरूवार नियमित पढ़िये विदर्भ स्वाभिमान